वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 266 मंगलवार 23 जनवरी 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## नयानाभिरामं... रघुवंशनाथम्

# आ गए रामलला



**अयोध्या. शाबाश इंडिया।** सैकड़ों वर्षों के इंतजार के बाद सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भव्य राममंदिर में प्रभुश्रीराम के बालविग्रह की प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान में शामिल हुए और इसके उपरांत राजधानी दिल्ली समेत देश भर में लोगों ने दीपोत्सव, मिठाई बांटकर और आतिशबाजी कर दीपावली मनायी। अनगिनत दीपों से जगमगाती रामनगरी की शोभा सोमवार शाम देखते ही बन रही थी। अद्भुत, अलौकिक, अविस्मरणीय...कल्पनातीत सौंदर्य को जिसने भी देखा, अपलक निहारता ही रह गया।





# श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर संघी जी जैन मंदिर सांगानेर में 1100 दीपकों से मनाया दीपोत्सव

### भक्तों को बांटी प्रसादी, एलईडी टीवी पर देखा लाइव प्रसारण, रोशनी से नहाया मंदिर परिसर

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र मन्दिर संघीजी, सांगानेर, भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्याजी के श्रीराममन्दिर में सोमवार को श्री रामलला की प्रतिमा में प्राण प्रतिष्ठा की और आरती उतारी, वहीं जयपुर के सांगानेर श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र मन्दिर संघीजी परिसर में उपस्थित भक्तों का समूहे रामलला के जयघोष के साथ भक्ति की मस्ती में झूम उठा। इस मौके पर भक्तों को मंदिर के बाहर बडी साइज की एलईडी टीवी पर लाइव प्रसारण किया और प्रसादी वितरित की गई। प्रबन्धकारिणी कमेटी के महावीर प्रसाद बज व मानद मंत्री नरेन्द्र कुमार पांडया ने बताया कि महोत्सव के बाद जैन समाज की महिलाओं ने स्वागत में मन्दिरजी के बाहर परिसर में भव्य लोक नृत्य प्रस्तुत किए। इससे पूर्व श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र मन्दिर संघीजी के बाहर रंगोली की सजावट, पूरे मन्दिरजी परिसर में, बाहर शिखरों पर एवं पूरे चोक में भव्य लाईटिंग सजावट, सी.टी.बस स्टेण्ड से मन्दिर संघीजी तक पूरे रोड पर झंडे एवं फर्रियों से सजावट की गई। सायकाल को मन्दिरजी के बाहरी परिसर में 1100 दीपकों से दीपोत्सव मनाया गया, जिसमें मन्दिरजी की सीढियों एवं गोखों पर हाथों में दीपक लिए महिलाओं ने भव्य प्रस्तुतियां दी। इस दौरान पूरा जैन मन्दिर परिसर राममय हो गया। इस अवसर पर रोशनी से नहाया मंदिर परिसर सभी के बीच आकर्षण का केन्द्र रहा। उन्होंने बताया कि प्रबन्ध कारिणी कमेटी एवं सकल दिगम्बर जैन समाज सांगानेर बडा हर्षित है कि लगभग 500 वर्ष बाद अयोध्याजी में श्रीराम लला का भव्य मन्दिर बन कर तैयार हुआ और भव्यता के साथ प्राण प्रतिष्ठा के माध्यम से उसमें भगवान विराजमान हुए।



# राममय हुआ भगवान महावीर का धाम, लगे जय श्री राम के नारे

### पुष्प वर्षा करके हुआ भक्तों का स्वागत

**चंद्रेश कुमार जैन. शाबाश इंडिया**

श्रीमहावीरजी । उत्तर भारत के प्रसिद्ध जैन तीर्थ क्षेत्र श्रीमहावीरजी रामलला प्राणप्रतिष्ठा के वक्त राममय हो गया । जगह जगह धार्मिक अनुष्ठान हुए। सुबह से ही बाजार क्षेत्रों में उत्सव जैसा माहौल रहा। बाजारों को रोशनी ओर गुब्बारों से सजाया गया बालाजी मंदिर सहित सभी मंदिरों में से विधी विधान से पूजा अर्चना के बाद राम बारात निकाली गई । इस खास मौके पर जय श्री राम के नारे लगे। अयोध्या में रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा पर जय श्री राम जय श्री राम की जयकारों से गुंजायमान हो उठा। राम मंदिर परिसर में भजन संध्या कार्यक्रम में जयकारो से माहौल धर्ममय हो गया स्मार्ट किड्स स्कूल के बच्चों ने गंभीर नदी के तट से राम बारात निकाली जिसमे आस्था का सैलाब उमड़ा। भजन कीर्तन के बाद प्रसाद वितरण हुआ। सायंकाल क्षेत्र के गांव और कस्बे घर घर दीपों से जगमग हो उठे। राम मंदिर परिसर में रामोत्सव हर्सोल्लास के साथ मनाया गया।



### जैन मंदिर में मनाया दीपोत्सव

कस्बे में जैन मंदिर के मुख्य द्वार पर प्रबन्ध समिति ने 11 हजार दीप प्रज्वलित कर रामलला के जयकारे लगाये एवं मैनेजर प्रवीण जैन प्रबंधक नेमी कुमार पाटनी तथा लोगों ने घर घर दीपप्रज्वलित कर रामलला के प्राणप्रतिष्ठा की खुशी में देव दीपावली मनाई । कस्बे में मंदिर, घर व बाजार झंडों व रंग-बिरंगी मालाओं से सजाएं गए। घर घर दीपोत्सव से जगमग हो उठे।

# पुष्पदीप एन्क्लेव फेस-1 में हुआ भक्ति एवं नृत्य कार्यक्रम का आयोजन



**आगरा. शाबाश इंडिया।** 22 जनवरी को वात्सल्य सेवा समिति के तत्वावधान में अयोध्या में आयोजित श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में आगरा के सिकंदरा-बोदला रोड के हेमा पेट्रोल पंप स्थित उपासना जैन के निवास 12-ए, फेस-1 पुष्पदीप एन्क्लेव के श्रीराम मंदिर में दीपक जलाकर भक्ति एवं नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया । वात्सल्य सेवा समिति की सभी सदस्याएँ राम की भक्ति में डूब गई और सभी ने एक दूसरे को प्राण प्रतिष्ठा की बधाई दी। सर्वप्रथम कार्यक्रम की संयोजिका उपासना जैन ने चंदन लगाकर एवं राम नाम की पट्टिका पहनाकर सभी सदस्याओं का स्वागत किया। तत्पश्चात सभी महिलाओं ने हाथ में झंडा लेकर, राम की भक्ति के नारे लगाते हुए मंदिर की परिक्रमा की। सभी सदस्याओं में राम की भक्ति के प्रति अदभुत उत्साह दिखाई दिया। इस मौके पर अध्यक्ष रश्मि जैन,उपाध्यक्ष उपासना जैन, मंत्री करुणा जैन,कोषाध्यक्ष कविता जैन, बबिता जैन,पुष्पा जैन,सुनीता जैन, रागिनी जैन,माया जैन,निशा जैन, रतिभा जैन,आशा जैन,रिंकी जैन,रेखा जैन,आदि सदस्याएँ प्रमुख रूप से मौजूद रही। इस कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष रश्मि जैन ने सभी सदस्याओं का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मयार्दा पुरुष भगवान श्री राम हमारे आदर्श है। हम सभी को उनके बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए और इस बात पर कायम रहना चाहिए की प्राण जाए पर वचन न जाए। **रिपोर्ट : शुभम जैन**

# पाली बाजार व्यापार संघ द्वारा महाआरती का आयोजन



**अमित गोधा. शाबाश इंडिया**

**ब्यावर।** प्रभु श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के पावन शुभ अवसर पर पाली बाजार व्यापार संघ ब्यावर के द्वारा मुख्य बाजार मे प्रभु श्री राम की महाआरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाजार को भव्य रोशनी से सजाया गया व आतिशबाजी की गई। इस कार्यक्रम मे व्यापार संघ के अनेक व्यापारी ने प्रभु श्री राम की आरती की ओर विश्व कल्याण की कामना की।









## वेद ज्ञान

### सभी को साथ लेकर चलने से व्यक्ति का जीवन उत्सवमय बन जाता है

जीवन उत्सवमय तभी होता है, जब सभी को साथ लेकर चलें। एकाकीपन नीरसता लाता है और व्यक्ति किसी मुद्दे पर एकाग्र नहीं हो पाता। संसार में विविधता है और इस विविधता में ही पार पाना है। इसमें रमना नहीं है, बल्कि नदी-नाव-संयोग से हिल मिलकर पार हो जाना है। समूह-भाव से ही जीवन-उत्सव बनता है। परिजन मिलकर रहें। सबको साथ लेकर चलना ही अभीष्ट है। पर्वों को तो विशेष उत्साह से मनाएं। सबके मंगल की कामना करें। पर्वों पर अड़ोस-पड़ोस और परिजनों का विशेष ध्यान रखें। कोई भूखा न रह जाए। केवल अपने लिए जीना या स्व उदरपूर्ति तक केंद्रित रहना अच्छी बात नहीं है। जीवन संस्कारमय तो तभी होगा, जब समग्रता के साथ गुणों का संवर्धन होगा। इसलिए आत्मचेतना का सामाजिक विस्तार निरंतर बना रहना चाहिए। जब ईश्वर ने हमें सेवा के योग्य बनाया है तो सेवा से संबंधित विविध कार्यों का विस्तार होना चाहिए। सेवा, हमारे मन की पावन भावना है, जो हमें राग-द्वेष और भेदभाव से ऊपर उठाती है। सामूहिक भाव मन में प्रसन्नता लाता है। पर्व और मेले सामूहिक संस्कार को जगाते हैं, किंतु आज की भागमभाग जिंदगी में हम पर्वों का आनंद भी नहीं उठा पाते। ये तो ऐसे अवसर हैं, जब हम उपासना करें। ईश्वर से प्रार्थना करें कि हे नाथ आपकी बड़ी कृपा है। आपने हमें शुभ अवसर प्रदान कर हमारे जीवन को आनंद से भर दिया है। आपकी यह कृपा जीवों पर सदैव बनी रहे। सत्संग में नियमित सम्मिलित होना चाहिए। जीवन को दिशा देने के लिए, विषाद को दूर करने के लिए ये बहुत उपयोगी हैं। इनसे ईश्वरीय विचार पुष्ट होते हैं और मानव जीवन की महिमा पुष्ट होती है। इसलिए आवश्यकता यही है कि हम अपना सोचने का तरीका और दृष्टिकोण बदलें। आनंदमय जीवन की कल्पना तभी प्रत्यक्ष होगी, जब मन में सत्संकल्प और सद्विचार सुदृढ़ होंगे। आइए अपने आनंदमय स्वरूप का चिंतन करें, सर्वकल्याण की कामना करें और परमात्मा की प्रकृति का सदुपयोग करें। ईश्वर ने इतने उपहार दिए हैं, उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करें।

## संपादकीय

# डाक्टरों से लेकर दवा दुकानदारों तक के लिए सख्त नियम

दवा का इस्तेमाल किसी बीमारी से मुक्ति पाने के लिए किया जाता है, लेकिन अगर जाने-अनजाने और गैरजरूरी तरीके से कुछ दवाओं का सेवन किया जाए, तो उससे फायदे के बजाय नुकसान पहुंच सकता है। आधुनिक चिकित्सा पद्धति के संदर्भ में यह बात लंबे समय से कही जाती रही है कि जो दवा किसी तकलीफ को ठीक या कम कर सकती है, उसी का दुष्परिणाम किसी व्यक्ति की मुश्किलें बढ़ा सकता है। खासकर जीवाणुनाशक या एंटीबायोटिक दवाओं के मनमाने इस्तेमाल के घातक नतीजे देखे गए हैं। इस मसले पर अब केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने देश के सभी चिकित्सा महाविद्यालयों और संगठनों के चिकित्सकों से कहा है कि वे किसी मरीज को एंटीबायोटिक दवाएं लेने का परामर्श देते समय अनिवार्य रूप से बीमारी के लक्षण और कारण बताएं। साथ ही मरीजों को यह भी बताना अनिवार्य होगा कि यह दवा उन्हें क्यों दी जा रही है, कितने दिनों तक खाना चाहिए और इसके क्या परिणाम होंगे। यह छिपी बात नहीं है कि किसी मरीज के इलाज के दौरान दवा लेने की सलाह देते हुए आमतौर पर चिकित्सक बिना किसी संकोच के एंटीबायोटिक दवाएं लेने को कह देते हैं। इसके अलावा, आम लोग भी तबीयत खराब होने पर कई बार बिना चिकित्सक की सलाह के, स्थानीय दवा दुकान से खरीद कर धड़ल्ले से एंटीबायोटिक दवा खा लेते हैं। इसलिए कि वे इसके दुष्प्रभावों से अनजान होते हैं। ऐसे में एंटीबायोटिक देने को लेकर डाक्टरों से लेकर दवा दुकानों तक के लिए एक सख्त नियम वक्त का तकाजा है। यही वजह है कि सरकार ने सभी दवा विक्रेताओं से एंटीबायोटिक दवाओं की बिना पर्ची के होने वाली बिक्री बंद करने और उन्हें केवल योग्य डाक्टर के परामर्श पर ही बेचने की अपील की है। सरकार ने इस बारे में जो चिंता जताई है, वह वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित है और इन दवाओं के सेवन को लेकर लंबे समय से संतुलन और विवेक का इस्तेमाल करने की सलाह दी जाती रही है। अफसोस कि न तो चिकित्सकों की ओर से एंटीबायोटिक की सलाह देते हुए सावधानी बरती जाती है और न ही आम लोगों के बीच इस मसले पर जागरूकता दिखती है। ऐसे मामले आए दिन चिंता का कारण बनते रहते हैं जिनमें किसी बीमारी की स्थिति में मरीज को अगर कोई दवा दी जाती है तो उस पर उसका कोई खास असर नहीं देखा जाता है। इसकी जड़ में भी एंटीबायोटिक दवाओं का गलत इस्तेमाल ही है। तबीयत खराब होने पर लोग जब इलाज कराने जाते हैं, तो जरूरी न होने पर भी डाक्टर ऐसी दवाएं लेने की सलाह दे देते हैं। फिर जरूरत से ज्यादा ऐसी दवा के सेवन की वजह से इनके दुष्परिणामों के बारे में आगाह नहीं किया जाता है। नतीजतन, मरीज पर दूसरी दवाओं का प्रभाव भी बेअसर होने लगता है और रोग-प्रतिरोधक क्षमता में कमी आने लगती है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि ऐसी स्थिति में अगर व्यक्ति किसी गंभीर रोग की चपेट में आए तो उसे किस तरह के जोखिम और मौत के खतरे तक का सामना कर पड़ सकता है।



**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# नीतिगत सबक

देश की मानवीय पूंजी जो संभवतः उसके दीर्घकालिक विकास का सबसे अहम जरिया है, उसका व्यापक विश्लेषण एक गंभीर तस्वीर पेश करता है। गैर लाभकारी संस्था प्रथम की शिक्षा की स्थिति संबंधी वार्षिक रिपोर्ट (असर) भी यही करती है। रिपोर्ट हमें इस बात की झलक दिखाती है कि ग्रामीण भारत में 14 से 18 वर्ष की आयु के युवा क्या कर रहे हैं। रिपोर्ट की इस बात के लिए सराहना की जानी चाहिए कि यह एक ऐसे समूह की तैयारी के बारे में जानकारी देती है जो जल्दी ही वयस्क नागरिक के रूप में जिम्मेदारी संभालेगा और श्रम शक्ति में शामिल होगा। बहरहाल वर्षों के दौरान हासिल नतीजे हमें दिखाते रहे हैं कि हालांकि छात्र प्राथमिक शिक्षा पूरी कर रहे हैं लेकिन उनमें से कई के पास बुनियादी कौशल तक नहीं है। इससे न केवल श्रम बाजार में उनकी संभावनाओं पर असर पड़ेगा बल्कि उच्च शिक्षा अथवा पेशेवर प्रशिक्षण हासिल करने की उनकी कोशिशों को भी धक्का पहुंचेगा। ताजा रिपोर्ट में कुछ ऐसे बिंदु हैं जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता है और जिनको लेकर नीतिगत हस्तक्षेप को नए सिरे से निर्धारित करने की आवश्यकता है। जिन लोगों को सर्वेक्षण में शामिल किया गया उनमें 14 से 18 वर्ष की आयु के 86 फीसदी युवा शैक्षणिक संस्थानों में थे। यह सुखद है और दशार्ता है कि बच्चों का नामांकन बढ़ाने के प्रयास सफल रहे हैं। हाल के वर्षों में कोविड के कारण उत्पन्न अनिश्चितताओं और कठिनाइयों के बावजूद परिवारों ने अपने बच्चों की शिक्षा जारी रखी और यह भी उत्साह बढ़ाने वाली बात है। बहरहाल शायद शैक्षणिक संस्थान छात्रों और उनके अभिभावकों की अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर रहे हैं। जैसा कि रिपोर्ट दशार्ती है, सर्वे में शामिल बच्चों में 25 फीसदी अपनी क्षेत्रीय भाषा में कक्षा-दो के स्तर की चीजें नहीं पढ़ पाए। आधे से थोड़े अधिक बच्चे ही अंग्रेजी के वाक्य पढ़ पा रहे थे। इतना ही नहीं 40 फीसदी से कुछ ही अधिक बच्चे विभाजन की समस्याओं को हल कर पा रहे थे। इसमें तीन अंकों वाली संख्याओं को एक अंक वाली संख्या से विभाजित करना शामिल था। मात्र 50 फीसदी बच्चे ही अन्य गणनाएं कर सकते थे, मसलन वजन जोड़ना और समय की गणना करना। दिलचस्प बात है कि इस बार अध्ययन में डिजिटल लोकप्रियता पर भी ध्यान दिया गया है। इसके नतीजे अवसर और खतरे दोनों प्रदर्शित करते हैं। करीब 90 फीसदी युवाओं ने कहा कि उनके घर में स्मार्टफोन है और वे उसे इस्तेमाल करना चाहते हैं। बहरहाल स्मार्टफोन तक पुरुषों की पहुंच अधिक थी जो एक तरह से यह संकेत देता है कि परिवारों में भेदभाव है। इनमें से 90 फीसदी से अधिक ने कहा कि उन्होंने उस सप्ताह सोशल मीडिया का इस्तेमाल किया। बहरहाल, सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने वालों में से आधे ही सुरक्षा संबंधी सेटिंग के बारे में जानते थे। परिवारों में स्मार्टफोन की मौजूदगी तथा छात्रों तक उसकी पहुंच को देखते हुए इस माध्यम का लाभ शिक्षण के नतीजे सुधारने में लिया जा सकता है। कक्षा की पढ़ाई से इतर मॉड्यूल तैयार किए जा सकते हैं। बहरहाल सोशल मीडिया का इस्तेमाल जरूर जोखिम भरा है। ऐसे माध्यमों की सीमित समझ के चलते बच्चों को ऐसी सामग्री दिखाई जा सकती है जो उन्हें किसी न किसी तरह नुकसान पहुंचा सकती है।

# श्रीनाथ पुरम स्टेडियम पर भव्य प्रोग्राम आयोजित कर रैली निकाली



**कोटा. शाबाश इंडिया**

डिस्ट्रिक्ट ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया की अयोध्या में भगवान श्री राम जी के प्राण प्रथिष्ठा के अवसर पर आज श्रीनाथ पुरम स्टेडियम में ताइक्वांडो खिलाड़ियों द्वारा राम जी की भव्य झांकियां सजाई गई एकेडमी के बालक बालिकाओं ने राम लक्ष्मण सीता और हनुमान बनकर जय श्री राम के नारे लगाए और भगवान श्री राम के अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सभी ने जय श्री राम जय हनुमान के जयकारे से श्रीनाथपुरम स्टेडियम में गूंज की ओर दिए और पटाखे चलाकर दीपावली और नववर्ष की तरह कार्यक्रम का आयोजन किया अकादमी के अध्यक्ष अनिल कुमार ने सभी बालक बालिकाओं को और उनके अभिभावकों को मिठाई खिलाकर कार्यक्रम आयोजित किया गया इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री रेखा खेलवाल उपस्थित रही।

# जैन श्वेतांबर संघ के महावीर साधना केंद्र पर भव्य आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर जवाहर नगर जैन श्वेतांबर संघ के महावीर साधना केंद्र पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम श्री राम लला के जीवन पर परम पूज्य आचार्य श्री महाश्रमण जी के शिष्य मुनि श्री तत्व रुचि जी एवं मुनि श्री संभव कुमार जी ने श्री राम की जीवनी पर बहुत ही सुंदर प्रवचन दिया। संघ अध्यक्ष उम्मेद मुसल ने श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा पर सभी को शुभकामना प्रेषित की। संघ के उपाध्यक्ष विनोद सचेती ने भी एक छोटा भजन गाकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। महामंत्री नितिन दुग्गड ने सभी को सादर धन्यवाद प्रस्तुत किया। इसके पश्चात प्रसादी का कार्यक्रम रखा गया मंदिर प्रांगण के बाहर आने जाने वाले सभी लोगों को प्रसादी वितरण की गई। संघ के सभी कार्यकर्ता तन मन धन से इस कार्य में संलग्न रहे शाम 7:00 बजे



सामूहिक दीप प्रज्वलित किया गया। संघ के सभी सदस्यों ने मंदिर में आकर 108 दीपक की ज्योति प्रज्वलित की। भारतवर्ष के लिए आज का दिन बड़ा ही सौभाग्यशाली है। प्रभु श्री राम से विनती है की पूरे भारतवर्ष के सभी प्राणियों की रक्षा करें।

# राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जैन सोशल ग्रुप स्वास्तिक द्वारा महाभक्ति का आयोजन



**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन सोशल ग्रुप स्वास्तिक द्वारा राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर महा-भक्ति का आयोजन द हिमालयन ग्रीन्स, न्यू भूपालपुरा में किया गया। संस्थापक अध्यक्ष धीरज छाजेड़ ने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों की कड़ी में प्राण प्रतिष्ठा के समय 108 दीपक द्वारा प्रभु श्रीराम की महाआरती की गई। मीडिया प्रभारी संजय धाकड़ ने बताया कि प्रभु श्रीराम की महाभक्ती के लिए भावना कावड़िया, दीपिका लोढ़ा, ममता जैन, कविता सुराणा, सुप्रिया खमेसरा, नेहा नाहटा, सरिता कटारिया, विजया सुराणा, योजना लोढ़ा, चंचल छाजेड़ आदि द्वारा भव्य नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। ''मेरी झोपड़ी के भाग्य आज खुल जायेंगे - मेरे राम आज घर आएंगे'' एवं ''राम आयेंगे, तो अंगना सजाऊंगी'' के प्रस्तुति के दौरान तो सदस्य इतने भावुक हो गए कि कई सदस्यों की अनवरत अश्रुधारा बहने लगी और अपनी सजल नेत्रों से भगवान श्रीराम को भाव विभोर होकर दंडवत प्रणाम किया। अध्यक्ष सुनील गांग बताया कि इस अवसर पर ध्यान योगी सत्यनारायण शर्मा द्वारा विशेष ध्यान के दौरान प्रभु श्रीराम की अलौकिक एवं साक्षात उपस्थिति का स्मरण कराया।

# श्री रामलला विग्रह प्राण-प्रतिष्ठा पर महावीर इंटरनेशनल द्वारा मिठाई वितरण



**कुचामन सिटी. शाबाश इंडिया।** भगवान राम की प्राण की प्रतिष्ठा पवित्र नगरी अयोध्या में हिन्दू समाज के 500 साल के अथक प्रयासों लाखों रामभक्तो की शहादत व सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फेसले के पश्चात दिनांक 22/1/2024 को नवनिर्मित भव्य राम मंदिर जी में हुई। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम गुणवान, तेजस्वी, सामर्थ्यशाली, दृढ़प्रतिज्ञ, सहयोगी, प्रियदर्शन, धैर्यवान, जितेंद्रिय, सत्यवादी कांतिवान, सहिष्णु,वीर, विद्वान,धर्मज्ञ कृतज्ञ, 16 विशेष गुणों के धारी मानवीय जीवनशैली के आदर्श की प्राण-प्रतिष्ठा स्थापना से सिर्फ धर्म को नहीं समस्त मानवता को बल मिला है। इस क्षण के साक्षी बनने के उपलक्ष्य में महावीर इंटरनेशनल संस्था वीर वीरा धरा यूवा द्वारा सभी आम जन को पुरानी धान मंडी में 2 बजे सभी जगह धूमकर सभी भक्तों का मुंह मीठा कराकर खुशियां मनाई। इस अवसर पर अध्यक्ष वीर रामावतार गोयल, सचिव अजित पहाड़ियां, कोषाध्यक्ष सुरेश जैन, वीरा सरोज पाटनी, शारदा सोहनलाल वर्मा ,सीता अशोक गंगवाल , विजयकोर, नंदकिशोर विडसर, कैलाश, संदीप पांड्या, तेजकुमार बड़जात्या , सम्पत बगड़िया आनन्द सेठी, विकास पाटनी, अमित पहाड़ियां ,मंजू बड़जात्या ,कोमल गंगवाल, ने मिठाई वितरण में सहयोग कर खुशियां मनाई।



# पंचकल्याणक के प्रमुख पात्र सौधर्म इंद्र व इंद्राणी के अभिनंदन से प्रारम्भ हुई मांगलिक क्रियाएं

### जैन समाज कामां मे खुशी की लहर,63 वर्ष बाद होगा भव्य आयोजन




**कामां. शाबाश इंडिया।** पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव की महामांगलिक क्रियाएं आज विधिवत रूप से प्रारंभ हुई सर्वप्रथम पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के मुख्य पात्र भगवान के पिता वीर चंद्र जैन बड़जात्या दिल्ली का अभिनंदन श्री 1008 शांतिनाथ दिगंबर जैन दीवान मंदिर की में किया गया तदोपरांत सौधर्मेंद्र वह सच्ची इंद्राणी रिंकेश उर्फ रिंकू जैन बड़जात्या एवं दीपा जैन बड़जात्या के निवास पर बैंड बाजो से पहुँच कर पंचकल्याणक समिति, शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर समिति, जैन समाज की कमेटी के द्वारा अभिनंदन किया गया वातावरण एकदम खुशनुमा और धार्मिक हो गया।इस अवसर पर सत्येंद्र प्रसाद जैन,दीपक जैन सराफ, संजय जैन बड़जात्या, संजय सर्राफ, विकास बड़जात्या जयपुर एवं स्वयं सौधर्म इंद्र के द्वारा अपने विचार प्रकट किए। तो वहीं सोधर्म इंद्र और इंद्राणी का अन्य इंद्रो ने भी भेंट कर सम्मान किया।सौधर्म इंद्र के माता पिता इंद्रा जैन व भागचंद जैन बड़जात्या का भी अभिनंदन किया गया। परिवार द्वारा आए हुए समाज जनों का आदर सत्कार किया।

# निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 550 रोगियों का हुआ पंजीकरण



### मानव कल्याण से बढ़कर कोई सेवा नहीं- विधायक धनखड़

**विराट नगर. शाबाश इंडिया**

कस्बे के एक निजी शिक्षण संस्थान में श्री कुंथुनाथ जैन श्वेतांबर तीर्थ ट्रस्ट के तत्वावधान में उम्मीद आई केयर दिल्ली द्वारा 11वां निशुल्क नेत्र जांच एवं चिकित्सा शिविर तथा भगवान महावीर कैंसर चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र की ओर से निशुल्क कैंसर जांच शिविर का आयोजन विराट नगर विधायक कुलदीप धनखड के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक धनखड ने कहा कि मानव कल्याण से बढ़कर कोई सेवा नहीं है, उन्होंने कहा की 84 लाख योनि में मानव योनि में जन्म लेना बड़े सौभाग्य का विषय है, जिसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को मानव कल्याण हेतु सतत प्रयास कर संकल्पित होना चाहिए। धनखड ने कहा कि मानव कल्याण करने वाले व्यक्ति को दुनिया की कोई ताकत आगे बढ़ने से रोक नहीं सकती। इस दौरान ट्रस्ट की ओर से विधायक का साफा बांधकर और दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। विधायक ने शिविर में सेवा देने वाले समस्त चिकित्सकों का दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित कर आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में आयोजित होने वाले चिकित्सा शिविरों में प्रशासनिक सेवा देने का भरोसा दिलवाया। शिविर में डॉ विष्णु अधिकारी, डॉक्टर वीर सिंह, डॉक्टर कमल किशोर, डॉक्टर आशीष बरुआ, डॉक्टर विपुल अग्रवाल, डॉक्टर दिलीप कुमार, सहित अनेक चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दी। शिविर के दौरान नेत्र चिकित्सा जांच में 550 तथा कैंसर जांच हेतु110 मरीजों का पंजीकरण हुआ। जिसमें 135 रोगी आंखों के ऑपरेशन हेतु चिन्हित किए गए, वही 250 रोगियों को चश्मे एवं शेष को दवाइयां वितरित की गई। शिविर में ट्रस्टी सुधीर राक्यान, रीता कोठारी, उदव राक्यान, दृष्टि सुधीर राक्यान, सचिव अजय कुमार जैन, ओमप्रकाश श्रीमाल, अनिल श्रीमाल, पूर्व न.पा.अध्यक्ष भागीरथमल सैनी, भागीरथ शर्मा, मामराज सोलंकी, विकास शर्मा, गणपत लाल शर्मा, नरेंद्र शर्मा, बंशीधर सैनी, जितेंद्र सैनी, वीरेंद्र सेन, सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# मेरी झोपड़ी के भाग्य आज खुल जाएंगे सुनकर भक्ति में लीन हुए विधानसभा अध्यक्ष और श्रोता



**अजय जैन. शाबाश इंडिया**

अम्बाह। श्री टेकचंद जैन विद्यापीठ स्कूल में बीती शाम एक शाम प्रभु राम के नाम कार्यक्रम सहित विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर का नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया,इस आयोजन में देश के प्रसिद्ध प्रेम भाटिया म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने अपने भजनों व देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति से उपस्थित हजारों श्रोताओं व दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान म्यूजिकल ग्रुप द्वारा प्रस्तुत किए गए सुंदरकांड के सस्वर पाठ एवं भजनों से पूरा वातावरण राममय तथा सभी लोग श्री राम की भक्ति में भाव विभोर नजर आए इस मौके पर भगवान राम की सामूहिक आरती कर चंबल की खुशहाली एवं देशवासियों के मंगल जीवन की कामना की गई आयोजन में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर का नागरिक अभिनंदन भी किया गया इस मौके पर तोमर ने कहा कि 500 वर्षों से ज्यादा समय के कड़े संघर्षों के बाद हमारे आराध्य देव प्रभु श्रीराम भव्य मंदिर में विराजमान हुये हैं। यह हमारे लिए खुशी का क्षण है। इस पावन अवसर को पूरे देश में दीपावली की तरह मनाया गया है। उन्होंने कहा कि हमें हमारे सनातन धर्म की इस परंपरा को सदैव जीवित रखना है। और 22 जनवरी का दिन हमें युगों युगों तक श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा दिवस के रूप में मानना है पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जिनेश जैन ने कहा कि पुरानी पीढ़ियों ने मंदिर को टूटते हुए देखा था, लेकिन आज हम बड़े सौभाग्यशाली है कि हम मंदिर को बनते हुए और उस मंदिर में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा होते हुए देख रहे हैं।

# भारतीय वैज्ञानिकों की सफलता ग्रामीण क्षेत्रों की युवा लड़कियों को प्रेरित करती है

**विजय गर्ग**

भारतीय वैज्ञानिकों की सफलता ग्रामीण क्षेत्रों की युवा लड़कियों को प्रेरित करती है भारतीय वैज्ञानिकों की उपलब्धियां उत्तराखंड के सुदूर गांवों में भी देश के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई हैं 2024 की शुरूआत में, जब पूरी दुनिया नए साल के आगमन का जश्न मना रही थी, आंध्र प्रदेश के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में एक ऐतिहासिक क्षण सामने आया।उसी क्षण, इसरो के वैज्ञानिकों ने 'एक्स-रे पोलारिमीटर सैटेलाइट' को सफलतापूर्वक लॉन्च किया, जिससे यह चंद्रमा, मंगल और सूर्य से परे विकिरण का अध्ययन करने वाला दुनिया का दूसरा और भारत का पहला उपग्रह बन गया। यह उपग्रह ब्लैक होल, ब्रह्मांडीय वेब और अंतरिक्ष में फैले विकिरण का पता लगाने में सक्षम होगा। यह न केवल विकिरण के स्रोतों की पहचान करेगा और उनकी छवियों को कैप्चर करेगा, बल्कि ब्रह्मांड में 50 सबसे चमकदार स्रोतों, जैसे पल्सर, ब्लैक होल के साथ एक्स-रे बायनेरिज, सक्रिय गैलेक्टिक नाभिक और गैर-थर्मल सुपरनोवा का भी अध्ययन करेगा। भारतीय वैज्ञानिकों की उपलब्धियों ने न केवल भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को बढ़ाया है, बल्कि देश के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बन गई है, खासकर उन क्षेत्रों में जहां आकाश में हवाई जहाज का दिखना भी एक दुर्लभ घटना है। उत्तराखंड के बागेश्वर जिले की विशाल हिमालयी पहाड़ियों में बसा बैसानी एक ऐसा गाँव है, जहाँ युवा लड़कियाँ अब अंतरिक्ष अन्वेषण में करियर बनाने की इच्छा रखती हैं। बैसानी गांव की 12वीं कक्षा की 19 वर्षीय छात्रा महिमा जोशी ने कहा, इसरो वैज्ञानिकों की लगातार सफलताओं ने मुझे अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में जाने के लिए प्रेरित किया है।इसरो वैज्ञानिकों के अध्ययन से पता चला कि उनके अटूट प्रयासों के बावजूद उन्हें असफलताओं का सामना करना पड़ा। हालाँकि, उनके लचीलेपन, गलतियों से सीखने की क्षमता, निरंतर समर्पण और इतिहास रचने में अंततः जीत ने मुझ पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ा है। बच्चों में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति बढ़ती रुचि से माता-पिता बेहद खुश हैं।52 वर्षीय निवासी चंद्र प्रकाश ने इस बात पर जोर दिया कि वैज्ञानिकों की सफलता का प्रभाव इतना महत्वपूर्ण है कि विशेषकर लड़कियां अब अंतरिक्ष में गहरी रुचि लेने लगी हैं। उन्हें सोशल मीडिया पर अंतरिक्ष से संबंधित जानकारी तलाशते हुए देखना वास्तव में एक सकारात्मक विकास है। अंतरिक्ष अनुसंधान में भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा की गई प्रगति ने न केवल किशोर लड़कों बल्कि लड़कियों की जिज्ञासा को भी बढ़ा दिया है, जिससे उन्हें विज्ञान के अध्ययन में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। गाँव के सत्तर वर्षीय गोपाल जोशी ने कहा कि उन्होंने गाँव के बच्चों में विज्ञान के प्रति इतनी गहरी रुचि पहले कभी नहीं देखी थी। उल्लेखनीय रूप से, यहां तक कि लड़कियों ने भी अब अध्ययन करने और वैज्ञानिकों के रूप में करियर बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। विज्ञान के प्रति उत्साह में वृद्धि स्कूली शिक्षकों के लिए विशेष रूप से उत्साहजनक है। बैसानी के सरकारी मिडिल स्कूल में भूगोल के शिक्षक उमा शंकर जोशी ने कहा, हालांकि पहले बच्चों के बीच अंतरिक्ष विज्ञान में सीमित रुचि थी, लेकिन अब वे ऐसे प्रश्न पूछते हैं जो हमारी अपेक्षाओं से परे हैं। बच्चे स्कूल में विज्ञान से संबंधित प्रश्नोत्तरी और प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए उत्सुक रहते हैं।एक शिक्षक के रूप में, बच्चों के बीच इस उत्साह को देखना वास्तव में संतुष्टिदायक है। मुझे आशा है कि बैसानी गांव के बच्चे विज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति करेंगे।" यह वास्तव में इस बात पर प्रकाश डालता है कि भारतीय वैज्ञानिकों की सफलता ने बैसानी के बच्चों, विशेषकर युवा लड़कियों को प्रेरित किया हैविज्ञान और प्रौद्योगिकी की ओर गाँव।



लेकिन कई चुनौतियाँ उनके अंतरिक्ष वैज्ञानिक बनने के सपने को धूमिल कर देती हैं और यह सूची काफी लंबी है।इन लड़कियों को विभिन्न चुनौतियों का सामना करना पड़ता है - लड़कों की तुलना में बहुत अधिक। अधिक विशेष रूप से सामाजिक और सांस्कृतिक मानदंड जो लड़कियों को शिक्षा के उनके बुनियादी अधिकार को भी पूरा करने की अनुमति नहीं देते हैं।कम उम्र में बाल विवाह, परिवार में बेटों को प्राथमिकता, सामाजिक वर्जनाएँ और गरीबी कुछ ऐसे सामाजिक-आर्थिक कारक हैं जो लड़कों की तुलना में लड़कियों के जीवन को अधिक प्रभावित करते हैं। सुदूरता की चुनौतियाँ, चुनौतीपूर्ण भूगोल और कठोर मौसम की परिस्थितियाँ देश की प्रगति से उनके बहिष्कार में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं।सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, दूरसंचार और इंटरनेट सुविधाओं जैसे मूलभूत बुनियादी ढांचे की अनुपस्थिति एक बाधा उत्पन्न करती है। भारत जैसे देश के दूर-दराज के गांवों में युवाओं, विशेषकर युवा लड़कियों को एसटीईएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) क्षेत्रों में आगे बढ़ने में जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, उनकी जड़ें शिक्षा प्रणाली की कमियों में गहराई से निहित हैं। ग्रामीण स्कूलों में सुविधाओं की अपर्याप्तता, जैसे उन्नत विज्ञान प्रयोगशालाओं की अनुपस्थिति और विज्ञान शिक्षण पदों में लंबे समय तक रिक्तियां, महत्वपूर्ण चिंताएं पैदा करती हैं। इन गांवों की वास्तविक क्षमता को उजागर करने के लिए इन मूलभूत कमियों को दूर करना महत्वपूर्ण है। यदि सरकार और शिक्षा विभाग सहयोगात्मक रूप से न केवल दिखाई देने वाले लक्षणों बल्कि मूल कारणों से भी निपटते हैं, तो संभवतः बैसानी गांव जैसे स्थानों से वैज्ञानिकों की अगली पीढ़ी के उद्भव का मार्ग प्रशस्त हो सकता है।युवाओं का पोषण और सशक्तिकरण करना आवश्यक है, यह सुनिश्चित करना कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) में अवसर भौगोलिक और सामाजिक बाधाओं को पार करते हुए सभी के लिए सुलभ हों।

-निरंतर



विजय गर्ग
सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य
शैक्षिक स्तंभकार मलोट

## दिग. जैन महासमिति चौमूं बाग इकाई द्वारा आयोजित ''नि: शुल्क आयुर्वेदिक परामर्श एवं चिकित्सा शिविर सम्पन्न''





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

प्रातः 8.00बजे से 2.30 बजे तक श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मन्दिर चौमूबाग परिसर में स्व. श्री राजकुमार जी जैन गंगवाल मथुरा वाले सांगागेर की पुण्य स्मृति में , डॉ. श्वेता जैन - अतुल जैन आरोग्यं आयुर्वेद के सहयोग से दिगम्बर जैन महासमिति चौमूबाग इकाई द्वारा आयुर्वेद के विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपस्थिति में आयोजित, निशुल्क आयुर्वेदिक परामर्श एवं चिकित्सा शिविर सम्पन्न हुआ। दीप प्रज्जवलन एवं शिविर उद्घाटन, शिविर पुण्यार्जक परिवार श्रीमती पुष्पादेवी, गुलाबचंद , अमित, अजीत (राहुल) गंगवाल परिवार द्वारा किया गया। अंचल से श्री अनिलकुमार जैन आईपीएस अध्यक्ष, महावीरकुमार बाकलीवाल महामंत्री, अशोकुमार जैन मंत्री, संभाग से कैलाश चंद मलैया अध्यक्ष, डॉ. भागचन्द जैन, अशोक कुमार पाटनी उपाध्यक्ष विशिष्ट अतिथि थे। तत्पश्चात प्रेमचंद बडजात्या ने स्वागत एवं पुण्यार्जक परिवार का परिचय दिया। इकाई अध्यक्ष डॉ. अरविन्द कुमार जैन ने महासमिति परिचय एवं श्रावकाचार वर्ष-2024 की जानकारी दी। यह शिविर औषधि दान के अन्तर्गत लगाया जा रहा है। तत्पश्चात मेडीकल टीम प्रभारी डॉ. श्वेता- अतुल जैन, आरोग्यं आयुर्वेद ने आयुर्वेद सेवा योजना की जानकारी दी। पश्चात समागत समस्त मेडीकल टीम का तिलक, माला, शॉल पहनाकर स्वागत किया गया जिसमें- डॉ. श्वेता जैन- न्यूरोथेरेपिस्ट एवं अग्निकर्म विशेषज्ञ, डॉ. ऋचा तिवारी एमएस- प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. मान महेन्द्र सिंह, एम एस- गुदा रोग विशेषज्ञ, डॉ. क्षिप्रा नत्थानी- पंचकर्म विशेषज्ञ, डॉ. कीर्ति सचदेवा एमडी- डायबिटीज रोग विशेषज्ञ, डॉ. अभिषेक सिंह कान-नाक-गला विशेषज्ञ, डॉ. मुकेश साहु- अग्नि कर्म- जलौकावचरण-विद्धकर्म विशेषज्ञ, डॉ. मालाश्री, नेत्र रोग विशेषज्ञ, इन सभी ने अपनी निशुल्क सेवाएं प्रदान की। **Gufic Health Care and Sandu Pharma Ceuticals Ltd** के प्रतिनिधियों द्वारा निशुल्क दवा वितरित की गयी। शिविर में 260 रोगी लाभान्वित हुए। जिन्हें निशुल्क दवाई के साथ-साथ निशुल्क जांच की सुविधा दी गई। शिविर के संयोजक आशीष पाटनी, मुकेश कुमार छाबडा, एवं श्रीमती कमलादेवी अजमेरा थे। शिविर में सुधीर जैन, श्रीमती रेखा पाटनी, सुनीता बड़जात्या, मेघा जैन, सरोज जैन, प्रियंका गोधा, रीना पाटोदी, मीनू जैन, सुनीता बाकलीवाल का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम संचालन आशीष पाटनी ने किया।

## नन्हे अव्यान ने जीता फेशन अवॉर्ड

### नेशनल इमरजिंग अवॉर्ड में कोटा के बालक ने दिखाया जलवा



**आजाद शेरवानी. शाबाश इंडिया**

**जयपुर/कोटा।** 21 जनवरी को जयपुर फि ल्म भवन में आयोजित अवॉर्ड फंक्शन में ढ़ाई वर्षीय अव्यान प्रसाद ने फेशन केटेगिरी में अवॉर्ड प्राप्त करके कोटा का नाम रोशन किया है। इंडियन लिटिल फेशन हंटर्स द्वारा आयोजित नेशनल किड्स इमरजिंग अवॉर्ड प्रायोजित किया गया जिसमें विभिन्न केटेगिरी में चालीस बच्चों को अवॉर्ड दिये गये फेशन शो में अव्यान प्रसाद ने रेम्प पर अपना जलवा बिखेरकर उपस्थित दर्शकों का मन मोहकर फेशन केटेगिरी में अवॉर्ड प्राप्त किया। बालक के पिता आशुतोष प्रसाद कोटा थर्मल के फायर डिपार्टमेंट में अधिशासी अभियन्ता है और माँ स्नेह प्रसाद एक शिक्षित गृहिणी हैं जो कि स्वयं अनुभवी और अनेक प्रतिभाओं की ज्ञानी हैं बालक को इतनी छोटी आयु में ही फेशन की दुनियाँ से बेहद लगाव है माता पिता अपने अनुभव के आधार पर इनके इस टेलंट को निखारने में पूरा सहयोग करते हैं। इससे पूर्व भी फेशन की दुनियाँ में कई अवॉर्ड ले चुका है।

## स्वामीनारायण मंदिर वैशाली में ''भव्य महा आरती'' संपन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर स्वामीनारायण मंदिर वैशाली में ''भव्य महा आरती'' संपन्न हुई। समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र, मंत्री राज्यवर्धन राठौर, बीजेपी राजस्थान संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, जयपुर नगर निगम ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर के साथ स्वामीनारायण मंदिर अक्षरधाम वैशाली नगर में ''भव्य महा आरती'' का आयोजन हुआ। आइडिया माइन से राजेश राजीव खंडेलवाल एवं श्रीराम आशापूरन ट्रस्ट के ट्रस्टी नवीन भंडारी विशिष्ट अतिथि रहे। राम भगवान की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर की पूर्व संध्या पर वैदिक रीति रिवाज के साथ मंदिर प्रांगण में भव्य महा आरती के भव्य कार्यक्रम की शुरूआत शाम को 6:00 बजे सभी भक्तजन के साथ स्वामीनारायण मंदिर प्रांगण में भव्य महाआरती 21 हजार से ज्यादा गो माता द्वारा निर्मित दीपक एवं मिट्टी के दीपक से दीपप्रजलन कर संपन्न हुई।


### आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com




# जैन इंजीनियर्स सोसायटी जयपुर साउथ चैप्टर का गेट टू गेदर कार्यक्रम ''अभिनन्दन 2024'' संपन्न





## सदस्यों की परिचय डाइरेक्ट्री का हुआ विमोचन

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन इंजीनियर्स सोसायटी जयपुर साउथ चैप्टर का सामुहिक मिलन समारोह ''अभिनन्दन 2024'' रविवार, 21 जनवरी, 2024 को श्री चंद्रप्रभु जैन मंदिर, बड़ के बालाजी, अजमेर रोड, जयपुर पर सम्पन्न हुआ ।इस अवसर पर चैप्टर के सदस्यो की परिचय पुस्तिका ₹बढ़ते कदमₒ का विमोचन समारोह के मुख्य अतिथि चैप्टर के वरिष्ठतम सदस्य इंजी. पारस मल जैन एवं समारोह के अध्यक्ष इंजी. पी सी छाबड़ा के द्वारा किया गया। समारोह में द्वीप प्रज्वलन, मंगलाचरण एवं अतिथि सम्मान पश्चात चैप्टर के अध्यक्ष इंजी. डी के जैन द्वारा मुख्य अतिथि, कार्यक्रम अध्यक्ष व सभी आगंतुक सदस्यों का स्वागत किया गया एवं चैप्टर की निर्देशिका विमोचन पर प्रसन्नता व्यक्त की ।उन्होने निर्देशिका के प्रकाशन मण्डल के सदस्य इंजी. राकेश कुमार बगड़ा, इंजी. अरुण कुमार जैन एवं इंजी. देवेन्द्र मोहन जैन को इस अवसर पर हार्दिक बधाई दी। विमोचन से पूर्व प्रकाशन मण्डल के सदस्य इंजी. देवेन्द्र मोहन जैन द्वारा निर्देशिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा निर्देशिका का नाम ₹बढ़ते कदम₹ व इसे ₹परिचारिका₹ नाम से प्रकाशित करने की सार्थकता पर भी प्रकाश डाला ।प्रकाशन मण्डल के सदस्य इंजी. अरूण कुमार जैन व इंजी. राकेश बगडा ने निर्देशिका के तैयार करने में किए गए प्रयासों के बारे में जानकारी साझा की।तत्पश्चात मुख्य अतिथि इंजी. पारस मल जैन, समारोह अध्यक्ष इंजी. पी सी छाबड़ा, चैप्टर पदाधिकारीगण एवं प्रकाशन मण्डल के सदस्यों द्वारा निर्देशिका का विमोचन किया गया। चैप्टर के सामुहिक कार्यक्रम के अन्तर्गत अप्रैल 2023 से जनवरी 2024 तक वैवाहिक वर्षगांठ वाले दम्पत्ति सदस्यों का उपहार देकर सम्मान किया गया।इस अवसर पर हाऊजी एवं मनोरंजक खेल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में चैप्टर के सचिव पी के जैन द्वारा समारोह में उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया ।

# विश्व हिंदू प्रसिद्ध बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने देवीलाल चौक में प्रसाद वितरण किया



**रमेश भार्गव. शाबाश इंडिया**

ऐलनाबाद। अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा पर विश्व हिंदू प्रसिद्ध बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने देवीलाल चौक में प्रसाद वितरण किया। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए पुलिस थाना प्रभारी संदीप, जाने-माने डॉक्टर मुकेश चौधरी को संगठन के पदाधिकारी सदस्यों ने मिलकर आए हुए हमारे कार्यक्रम में अतिथिगण को श्री राम जी का मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया ।उपस्थित पदाधिकारी सदस्य विश्व हिंदू परिषद के उपाध्यक्ष एमपी तंवर, जिला कोषाध्यक्ष विकास गोयल, बजरंग दल संयोजक शुभम सैनी, वैदिक प्रमुख अमन सोलंकी, मीडिया प्रभारी देवेंद्र गोयल, संजय शर्मा, प्रचार प्रमुख मंगत , संदीप अग्रवाल, सुरताराम, विकास चाचाण, सीताराम भार्गव व अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# माथुर वैश्य समाज की महिलाओं ने नवजात शिशुओं को वितरित किए गर्म कपड़े



**अजय जैन. शाबाश इंडिया**

अम्बाह। माथुर वैश्य समाज की महिलाओं द्वारा सोमवार को भीषण सर्दी के प्रकोप को देखते हुए सरकारी अस्पताल के जच्चा बच्चा वार्ड में नवजात शिशुओं को सर्दी से बचाने हेतु गर्म कपड़े बांटे गये। दो दर्जन बच्चों को गर्म कपड़े बांटने के दौरान मौजूद चिकित्सक डॉक्टर जीसी आर्या ने अभिभावकों को जानकारी देते हुये कहा कि जन्म से 6 महीने तक बच्चे को मां का दूध ही पिलाना चाहिये, इससे बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। वच्चे के उत्तम स्वास्थ्य के लिए मां को भी सन्तुलित ब पोष्टिक आहार लेना चाहिए। उन्होंने माथुर वैश्य समाज की महिलाओं के इस काम की सराहना की। उन्होंने कहा कि अन्य लोगों को भी इस प्रकार के काम में आगे आना चाहिये। इस मौके पर परमानन्द गुप्ता, श्रीमती पूजा गुप्ता, श्रीमती क्षमा गुप्ता,श्रीमती चंचल गुप्ता, राधा मोहन गुप्ता, मोनू गुप्ता आदि का विशेष योगदान रहा।

# जैन समाज ने विशाल धर्म सभा में कारसेवकों का किया सम्मान



## श्री राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा पर किया मिष्ठान वितरण

**अशोक नगर. शाबाश इंडिया**

शास्वत तीर्थ अयोध्या जी में श्री राम मन्दिर की भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर जैन समाज द्वारा शहर के हृदय स्थल गांधी पार्क में विशाल धर्मसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान कार सेवकों के साथ ही सभी समाजों के अध्यक्षो का भी शाल श्रीफल से सम्मान किया एवम जनता जनार्दन को मिष्ठान वितरण किया गया। समारोह के प्रारंभ में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के चित्र का अनावरण व दीप प्रज्जवलन एस डी एम अनिल वनकारीया, एस डी ओ पी विवेक शर्मा, नपाध्यक्ष नीरज मनोरिया, विनोद राजू मेडिकल के साथ समाज के अध्यक्ष राकेश कासंल, महामंत्री राकेश अमरोद, कोषाध्यक्ष सुनील अखाई द्वारा किया गया ।एस डी एम अनिल बनकारीया का सम्मान थूवोनजी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मील , महामंत्री विपिन सिंघई, समाज के उपाध्यक्ष अजित वरोदिया, प्रदीप तारई ने किया । वहीं एस डी ओ पी विवेक शर्मा व विनोद राजू मेडिकल का सम्मान मंत्री शैलेन्द्र श्रागर, मंत्री विजय धुर्रा, संजीव भारिल्ल, मिडिया प्रभारी अरविंद कचंनार ने किया। विधायक हरि बाबू राय का सम्मान कोषाध्यक्ष निर्मल मिर्ची, संयोजक मनीष सिघई, मनीष वरखेडा, मुकेश हार्डी, नीलेश जैन टिंकल, शैलेन्द्र दददा ने किया ।नपा अध्यक्ष नीरज मनोरिया का सम्मान समाज के अध्यक्ष राकेश कासंल, महामंत्री राकेश अमरोद, कोषाध्यक्ष सुनील अखाई ने किया। समारोह में अध्यक्ष राकेश कासंल ने कहा कि हम सब हर्षित हो आज सुबह से ही जिन क्षणों का इंतजार कर रहे थे वे पल आ गये ।

## मयार्दा पुरुषोत्तम अब अपने असली सिंहासन पर विराजमान हो गये

समारोह में मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम चन्द्र जी को भारतीय संस्कृति सभ्यता के प्राण माना गया है आज हम सब यहां प्रधानमंत्री के हाथों प्रभु श्री राम के मन्दिर की प्रतिष्ठा देखकर साक्षी बनते हुए अपने पुण्य को बड़ा कर अपने आपको धन्य मान रहे हैं जो काम पांच सो वर्षो से अधूरा था वह आज पूरा हो रहा है।थूवोनजी के महामंत्री विपिन सिंघई ने कहा कि कार सेवा में अयोध्या में सबसे पहले अपनी शहादत देने वाले जैन समाज के युवा कोठारी बंधुओ को में आज अवश्य याद करुंगा। समारोह में विधायक हरिवावू राय ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि आज की घड़ी सभी को हमेशा याद रहेगी। आज जैन समाज उपराष्ट्रपति से पुरस्कृत वेटिया साक्षी संजीव जैन का सम्मान कर रही है उसके सौभाग्य की भी हम प्रशंसा करते हैं इस दौरान साक्षी जैन को समाज ने सम्मानित किया।

## महात्मा गांधी के स्वप्न रुप राम राज आ रहा है-नपा अध्यक्ष

नपाध्यक्ष नीरज मनोरिया ने कहा कि आज नगर पालिका की ओर से अनेक स्थानों पर सीधे प्रसारण की व्यवस्था की गई है अभी हमें देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी सम्बोधित करते हुए कहा रहे थे कि श्री राम मन्दिर प्रतिष्ठा के साथ ही हमें हर हृदय में राम को विराजमान करना है तव ही हम महात्मा गांधी के स्वप्न रामराज्य को साकार कर सकेंगे आज नगर का वच्चा वच्चा प्रसन्न और उत्साहित हैं ये उत्साह उनका प्रभु के प्रति समर्पण है

## कार सेवकों व विशिष्ट अतिथि का किया बहुमान

विश्व हिन्दू परिषद प्रांत प्रमुख दीपक मिश्रा जिला अध्यक्ष दिनेश मैदापुर कारसेवकों में श्री जयकुमार सिघई सुरेन्द्र मनोरिया सुभाष एडवोकेट राजेश तारई राकेश रेडियो राजीव जाट प्रदीप घमंडी महावीर चौधरी के साथ ही राम कुमार चौधरी संजय रधुवंशी डॉ जय मंडल यादव तजिंदर खुराना राकेश गुप्ता मनोज अग्रवाल सहित अन्य भक्तों का सम्मान उपाध्यक्ष प्रदीप तारई गौशाला के पूर्व महामंत्री महेश घमंडी मंत्री उपाध्यक्ष अजित वरोदिया कोषाध्यक्ष सुनील अखाई गौशाला अध्यक्ष दिनेश मैदापुर युवा वर्ग अध्यक्ष सुलभ अखाई सचिन जैन जैन जाग्रति मंडल अध्यक्ष नितिन वज जैन मिलन कार्यध्यक्ष पवन करैया सेन्ट्रल जैन मिलन अध्यक्ष जितेन्द्र जैन टिंकल जैन मनोज भैसरवास आशीषअथाइखेडा जे की अखाई ने शाल श्रीफल से सम्मान किया।

# जैन समाज द्वारा अहिंसा सर्किल सीकर पर हुई सामूहिक आरती, सर्वसमाज के श्रद्धालु हुए सम्मिलित



**सीकर. शाबाश इंडिया**

अयोध्या में भव्य राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के मंगलमय अवसर पर धर्मनगरी सीकर में सकल जैन समाज द्वारा सायंकाल स्थानीय अहिंसा सर्किल के पास स्थित अहिंसा स्थल पर प्रभु श्री राम की भव्य आरती की गई ।इस अवसर पर दिगंबर जैन सोश्यल ग्रुप के मोनू छाबड़ा राणोली ने बताया कि आरती से पूर्व आयोजन में पधारे अतिथियों का सम्मान किया गया । कार्यक्रम के मुख्य पुण्यार्जक डॉ. वी के जैन परिवार द्वारा गज रूपी रजत दीपक थाल से भव्य आरती की गई ।समाज के विवेक पाटोदी ने बताया कि आरती में डा. एन के अजमेरा , डा. रामचंद्र सैनी , डा. प्रदीप जैन , किशोर संगहि , शशि दीवान , संतोष बिनायक्या, संजय संघई , पवन छाबड़ा , सुनील दीवान, सुभाष पहाड़िया, गजेंद्र ठोलिया, नवीन कासलीवाल, विनीत पहाड़िया, हरीश बड़जात्या, प्रदीप सेठी सहित सर्वसमाज के अनेकों श्रद्धालु उपस्थित हुए ।इस खास अवसर पर अहिंसा स्थल की भव्य सजावट की गई।इस अवसर पर दिगंबर जैन सोश्यल ग्रुप के सदस्यों ने आरती में पधारें सदस्यों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। समाज के विवेक पाटोदी ने बताया कि रामलला के आगमन के पावन अवसर पर बजाज रोड़ स्थित श्री वाटिका अपार्टमेंट में सजावट की गई ।

# अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विशाल कलशयात्रा सहित अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन


## श्री जाल वाले बालाजी महाराज मंदिर परिसर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा एलइडी के माध्यम से देखी लाइव



**अर्पित जैन. शाबाश इंडिया**

भैंसलाना। कस्बे में अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में सोमवार सुबह 10 बजे से शंकर भगवान के मंदिर से विशाल कलशयात्रा निकाली गई जिसमे सैकडो महिलाएं सिर पर कलश लेकर और पुरुष हाथों में ध्वज और जय श्री राम के जयकारों के साथ नाचते गाते हुए चल रहे थे। कलशयात्रा और राम दरबार की संजीव व अलौकिक झांकी की शोभायात्रा गांव के अनेक गली मोहल्ले से होती हुई जाल वाले बालाजी महाराज के मंदिर में पहुंची जहां एलईडी के माध्यम से अयोध्या से भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम लाइव दिखाया गया जिसके बाद बालाजी महाराज मंदिर परिसर में महाआरती और विशाल पोषबड़ा का आयोजन हुआ ।इस दौरान सैकडो की संख्या में ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।वही कस्बे के मंदिरों में विशेष सजावट डेकोरेशन की गई।शाम को गांव में घर घर दीपक जलाकर और आतिशबाजी कर राम दीपावली मनाई।

# नसीराबाद के बालाजी मंदिर में राम दरबार की हुई प्राण प्रतिष्ठा



**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

नसीराबाद ।नगर के प्राचीन घासीवाले बालाजी मंदिर में सोमवार को राम दरबार के विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुई।सोमवार को प्रातः से ही मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं द्वारा तैयारियां की जा रही थी।प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम दोपहर 12:22 बजे से 1:04 बजे के मध्य संपन्न हुआ।जिसमें मंत्रोच्चार के बीच राम दरबार की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई।प्राण प्रतिष्ठा के बाद हवन, रामयज्ञ व 2:15 बजे राम दरबार व हनुमान जी की महाआरती की गई।सायं मंदिर में सुंदरकांड पाठ संपन्न हुआ।



# ज्योतिनगर पार्क दीपको की जगमगाहट के साथ राम भक्ति में झूम उठा

## मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल गये, राम आये हैं से आसमान गुंजायमान

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

ज्योतिनगर स्थित शिव ज्योति पार्क सोमवार को 2200 दीपक की जगमगाहट तथा राम आये है के जयकारों से गूंज उठा। राम लला की भव्य प्राण प्रतिष्ठा पर भक्ति कार्यक्रम के आयोजक जे पी बी सोश्यल फाउंडेशन के निदेशक पदम जैन बिलाला व सी ए पारस बिलाला ने बताया कि दीपको से जय श्री राम , ॐ , स्वस्तिक आदि की सुहानी रोशनी सभी का मन मोह रही थी और उधर संगीत की स्वर लहरी में महिलायें व युवा भक्त जन जन झूम रहे थे । भक्त जनों द्वारा वहाँ बने सेल्फी स्टैंड पर राम दरबार के साथ सेल्फी ली गयी। कार्यक्रम की शुरूआत राम दरबार को माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से हुई तथा समाप्ति राम लला की आरती व प्रसाद वितरण के साथ हुई। फाउंडेशन के युवा सी ए, व सी एस, सदस्यों द्वारा सजावट व दीप प्रज्वलन का कार्य किया गया। आयोजन में गरिमामय उपस्थिति आशीष सराफ, डॉ. श्याम अग्रवाल, सी ए रोहित रूवातिया, सी ए श्रुति सिंगल, एड. जितेंद्र मोहन, मनोज जाँगीड, जगदीश सेनी, एड.नवीन सेठी, रोटे.जी एल जैन, महेश सोगनी, अनिल जैन, सी एस दीपक अरोड़ा, सी एस संदीप जैन, अजय जैन, ऋषब जैन, सुकेश काला, सोभाग अजमेरा, महेश काला, धनजी शाह, राजेंद्र ठोलिया, तारा चंद गोधा, अक्षय जैन आदि की रही। कार्यक्रम में संगीत जीतू गंगवाल एण्ड पार्टी का रहा।




# सात गजरथ परिक्रमा के साथ पंचकल्याणक का हुआ समापन

**रत्नेश जैन बकस्वाहा. शाबाश इंडिया**

द्रोणगिरि , सेंधपा। बुंदेलखंड के जैन तीर्थ द्रोणगिरि (सेंधपा) में आयोजित हो रहे सात दिवसीय श्री भक्तामर मानस्तंभ प्रतिष्ठा पंचकल्याणक महोत्सव का सात गजरथ परिक्रमा के साथ समापन हुआ। 15 जनवरी से आयोजित हो रहे इस धार्मिक कार्यक्रम में प्रतिदिन हजारों लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर इतिहास रचा। अंतिम दिन गजरथ पर श्रीजी को बिराजमान कर सात परिक्रमा पण्डाल व चौबीसी जिनालय परिसर की कर समारोह का समापन हुआ । भारतगौरव गणाचार्य श्री विराग सागर जी महाराज ससंघ और आचार्य श्री विनम्र सागर जी महाराज (पचास पिच्छिका धारियों) ससंघ के सानिध्य में धार्मिक आयोजन के साथ विविध सामाजिक सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुए। अंतिम दिन त्रय गजरथों ने सात परिक्रमा में हजारों श्रद्धालुओं का जनसमुदाय उमड़ पड़ा और गगनभेदी जयकारे के साथ जैन ध्वज लहरायें। **इंद्रो ने प्रभु को रथ पर बैठाया:** अंतिम दिन प्रभु का मोक्ष कल्याणक हुआ । सुबह अभिषेक पूजन के साथ प्रतिमा जी को नवीन मंदिर में स्थापित कराया गया। इसके साथ ही विश्व शांति महायज्ञ , हवन आयोजित किया गया। दोपहर में गजरथ परिक्रमा हुई और सात परिक्रमा के माध्यम से फेरी समापन हुई। जैन तीर्थ द्रोणगिरि के उपाध्यक्ष राजेश रागी व शील नेता ने बताया कि इस पंचकल्याणक महोत्सव में मानस्तंभ तथा जिनालयों में विराजमान होने वाले धातु , पाषाण तथा विभिन्न रत्नों की 91 जिनबिम्बों की प्रतिष्ठा की गई विधि-विधान से सम्पन्न कराई गई।



# राम मंदिर प्रतिष्ठा दिवस : अयोध्या में शामिल हुए जैन संत

## जैन मंदिरों में हुए पूजा अर्चना के विशेष आयोजन। हुई सजावट-दीपोत्सव मनाया, जगमगाये जैन मंदिर





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

पांच जैन तीर्थंकरो की जन्म भूमि अयोध्या में हुए श्री राम मंदिर प्रतिष्ठा दिवस पर जैन धर्मावलंबियों ने भी कस्बें सहित जिलें के जैन मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की , मंदिरों व घरों में दीपको से सजावट सहित विभिन्न आयोजन कर खुशियां मनाई गई। इस मौके पर अयोध्या में जैन संतों ने भी सहभागिता निभाई। जानकारी देते हुए राजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि पांच जैन तीर्थंकरों की जन्मभूमि अयोध्या में जैन धर्म के प्रवर्तक एवं प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभ देव ( आदिनाथ ), दूसरे तीर्थंकर भगवान अजितनाथ, चौथे तीर्थंकर भगवान अभिनन्दन नाथ, पांचवे तीर्थंकर भगवान सुमति नाथ एवं चौदहवें तीर्थंकर भगवान अनन्त नाथ का जन्म हुआ है। जैन मंदिरों व अन्य धार्मिक स्थलों पर दीपकों से सजावट आदि करते हुए रोशनी की गई ।



दीपोत्सव पर्व मनाया गया । राजस्थान जैन युवा महासभा के अधीनस्थ सभी युवा एवं महिला मण्डलों द्वारा पूरे प्रदेश में स्थित जैन मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना एवं धार्मिक आयोजनों किये जाकर मंदिरों पर सजावट की गई ।दीपक जलाकर रोशनी की गई । युवा महासभा के सहकार मार्ग स्थित प्रदेश कार्यालय में भी दीपक जलाए गए।किशनपोल बाजार के मंदिर जी सांगाकान में भी सजावट की गई। जैन के मुताबिक श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र पदमपुरा बाड़ा में अध्यक्ष एडवोकेट सुधीर जैन एवं मानद् मंत्री एडवोकेट हेमंत सोगानी के नेतृत्व में मंदिर पर रोशनी, सजावट एवं दीपोत्सव सहित मिष्ठान वितरण आदि के कार्यक्रम किए गए ।मंदिरजी में हजारों दीपक जलाकर प्रकाश किया गया। मालवीय नगर के सैक्टर 3 स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में आदिनाथ विधान हुआ ।सैक्टर 19 के श्री चन्द्रप्रभू दिगम्बर जैन मंदिर में अध्यक्ष हरक चन्द लुहाडिया के नेतृत्व में दीपक जलाए गये। मोहनबाडी का श्वेतांबर जैन मंदिर, मालपुरा दादाबाडी, जवाहर नगर श्वेतांबर जैन मंदिर आदि सभी जगह दीपकों से सजावट आदि करते हुए रोशनी की गई ।घी वालों का रास्ता स्थित जैन श्वेतांबर तपागच्छ संघ के मंदिरों में रोशनी की गई। जैन के मुताबिक कोटखावदा के बडा बास स्थित श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र मंदिर में अध्यक्ष महावीर गंगवाल एवं मंत्री दीपक वैद के नेतृत्व में अभिषेक, शांतिधारा के बाद विशेष पूजा अर्चना की गई । श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर अयोध्या धाम में स्वस्तिश्री चारुकीर्ति भट्टारक स्वामीजी श्रवणबेलगोला, स्वस्तिश्री रवीन्द्रकीर्ति स्वामीजी अयोध्या, पूज्य प्रज्ञाश्रमणी आर्यिकारत्न श्री चन्दनामती माताजी एवम स्वस्तिश्री चारुकीर्ति भट्टारक स्वामीजी मूडबद्री ने जैन समाज का प्रतिनिधित्व किया।

# दिगंबर जैन मंदिर महल योजना जगतपुरा में भी दीपावली मनाई





**जयपुर. शाबाश इंडिया।** आज सिद्ध परमेष्ठी एवं 63 शलाखा पुरुषों में श्रेष्ठ प्रभु श्री राम के अयोध्या के भव्य मंदिर में विराजमान होने पर दिगंबर जैन मंदिर महल योजना जगतपुरा में भी दीपावली का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य में अर्णव, काषवी, ध्रुव, खनक, बाबू आदि नन्हे बाल कलाकारों द्वारा राम दरबार सजाया गया। उपस्थित बंधुओं ने दीप प्रज्वलित कर आरती तथा अपनी भावभीनी भक्ति की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष मुकेश सांघी, मंत्री अनूप जैन बैनाडा, महिला मंडल अध्यक्ष सुनीता बड़जात्या, मंत्री मोना जैन, युवा मंडल अध्यक्ष अरुण जैन, मंत्री धीरेंद्र मंगल, अशोक जैन, अनिल बड़जात्या, मनोज जैन, अंजू छाबड़ा, नेहा जैन, सुभद्रा बिलाला, बीना जैन, ऋषभ जैन, प्रभा जैन, रवि जैन, अंकित जैन, सुलोचना जैन, शिव कुमार, अभिषेक सांघी एवं समाज के अन्य गणमान्य व्यक्ति सपरिवार उपस्थित रहे।

# प्रभु श्रीराम लला दीपोत्सव पर्व

## युग रामराज्य का आ गया, अलबर्ट हॉल पर हुआ आयोजन। रामलला के जयकारों से गूंजी छोटी काशी। आसमान में प्रभु श्रीराम की आकृति देख रोमांचित हुए रामभक्त

### कार्यक्रम के लिए बनाई भगवान राम मंदिर की 35 फीट ऊँची प्रतिकृति

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री धर्म फाउंडेशन ट्रस्ट (रजि.), नगर निगम ग्रेटर जयपुर एवं जयपुर व्यापार महासंघ के संयुक्त तत्वावधान में छोटीकाशी में सोमवार दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक श्रीराम रथ यात्रा, श्री रामलला दीपोत्सव और संगीतमय भजन संध्या का आयोजन किया गया। श्री धर्म फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष सुधीर जैन गोधा ने बताया कि सोमवार शाम 4 बजे रामनिवास बाग स्थित अल्बर्ट हॉल पर प्रभु श्रीराम लला दीपोत्सवह्व पर्व हुआ। कार्यक्रम के लिए अल्बर्ट हाल परिसर में 35 फीट ऊंची राम मंदिर की प्रतिकृति बनाई गई है।



### ड्रोन शो से आकाश में निर्मित प्रभु की आकृति रही विशेष आकर्षण

गोधा ने बताया कि इस कार्यक्रम का विशेष आकर्षण ड्रोन शो रहा। 3 सौ ड्रोन एक साथ आकाश में उड़े और देखते ही देखते हवा में भगवान श्रीराम का चित्र, दीपोत्सव, झंडा,जय श्री राम,धनुष,तीर कमान,दीपक एवम नगर निगम जयपुर आसमान में उभरकर कर दिखाए गए । जिन्होंने भी यह दृश्य देखा वे रोमांचित हो गए। अल्बर्ट हॉल से 3 से 4 किमी दूर तक के दायरे में यह दृश्य देखा गया।



### भजन संध्या ने किया मंत्रमुग्ध

श्री धर्म फाउंडेशन ट्रस्ट के महासचिव गब्बर कटारा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान गौरव जैन, शिखा जैन और रविन्द्र उपाध्याय ने बजाओ ढोल स्वागत में मेरे भगवान आए हैं, भारत का बच्चा-बच्चा जय जय श्रीराम बोलेगा और युग रामराज्य का आ गया जैसे सुमधुर भजनों और की प्रस्तुतियां दी जिसे सुन श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। कटारा ने बताया कि इस अवसर पर पूरे रामनिवास बाग में कन्नौज के विशेष इत्र का छिड़काव किया गया।



### गाजेबाजे और लवाजमे के साथ निकली शोभायात्रा

कार्यक्रम समन्वयक राजेन्द्र खंडेलवाल और जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल ने बताया कि कार्यक्रम से पहले दोपहर 12 बजे गलता गेट से गाजे-बाजे और लवाजमे के साथ भव्य शोभायात्रा निकली। शोभायात्रा में राम, लक्ष्मण और सीता की सजीव झांकी सजाई गई। शोभायात्रा को ,जयपुर के साधू संतो ने आरती कर रवाना किया। यह यात्रा गलता गेट से रवाना होकर रामगंज, बड़ी चौपड़, त्रिपोलिया और न्यू गेट होते हुए शाम को रामनिवास बाग पहुंची। शोभायात्रा का मार्ग में अनेक स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा जिस रास्ते से भी निकली वो जय श्री राम के जयकारों से गूंज गया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एम.एल. सोनी ने बताया कि अल्बर्ट हॉल पर भगवान श्री राम सीता और लक्ष्मण की तीर्थराज पुष्कर से आए 51 पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 11 हजार दीपों से महाआरती की गई। महाआरती में मंत्रोच्चार के साथ पौराणिक वाद्य यंत्रों की मधुर ध्वनि सुन दर्शक भावविभोर हो गए। श्रद्धालुओं का कार्यक्रम स्थल पर अलसुबह से ही जुटना शुरू हुआ जो दोपहर तक अनवरत जारी रहा। महिला, पुरुष, बच्चे, बूढ़े और युवा भगवा परिधान में गालों पर राम नाम लिखवा पहुंच रहे थे। सभी हाथों में भगवा ध्वज लिए और राम के जयकारे लगाते झूमते हुए चल रहे थे। आमजन उत्सव के मद्देनजर इतने उत्साहित थे कि उन्होंने रविवार से ही कार्यक्रम स्थल पर दीपक सजाने शुरू कर दिए। दीपों से मन्दिर की, जय श्रीराम की और ॐ की आकृति बनाई गई। इसके अलावा लोगों में राम मंदिर और भगवान राम के चित्र के साथ सेल्फी लेने का उत्साह भी चरम पर रहा। बाउंसर्स हमेशा काली ड्रेस में ही होते हैं लेकिन इस उत्सव के लिए कार्यक्रम स्थल पर जो बाउंसर तैनात किए गए वे सब भगवा ड्रेस में नजर आए। कार्यक्रम में आनेवाले सभी आगंतुकों को एस.के. फाइनेंस कंपनी की ओर से द्वार पर ही राम मंदिर की फोटो वाले की-चेन वितरित किए गए। समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल, डिप्टी सीएम दिया कुमारी, प्रेम चंद बैरवा, सांसद रामचरण बोहरा, विधायक कालीचरण सर्राफ, नगर निगम ग्रेटर की महापौर सौम्या गुर्जर तथा प्रमुख समाज सेवी सहित सभी मंदिरों के साधू संत भी उपस्थित थे।